सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 103 | इंदौर, मंगलवार 28 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### एसआईआर की घोषणा पर विवाद

## राजनीतिक पार्टियों की आपत्ति पर भाजपा बोली- ये देशहित की हर बात के विरोधी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव आयोग ने सोमवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण का एलान कर दिया। इस चरण के तहत देश के 12 राज्यों में एसआईआर किया जाएगा। हालांकि चुनाव आयोग के एलान के बाद इस पर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। कई राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग की घोषणा पर सवाल खड़े किए और तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके ने तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवाल उठा दिए।

### डीएमके ने चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

डीएमके के प्रवक्ता सर्वानन अन्नादुरई ने कहा कि 'असम में एसआईआर क्यों नहीं किया जा रहा है? एसआईआर की प्रक्रिया कब से नागरिकता जांचने की प्रक्रिया बन गई है? बिहार में चुनाव आयोग को कितने फर्जी या अवैध मतदाता मिले? कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब चुनाव आयोग को देना है।' डीएमके प्रवक्ता ने साल 2003 को कटऑफ साल रखने पर सवाल उठाए और पूछा कि 2003 को ही क्यों आधार बनाया गया है। इससे किसे फायदा होगा। इसे लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं। डीएमके ने कहा कि 'हम देख रहे हैं कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है और वोट चोरी में शामिल है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस समय सबसे कम है।'

### टीएमसी ने कहा- वैध मतदाता को परेशान किया गया तो हम विरोध करेंगे

पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की प्रक्रिया होगी। टीएमसी ने इसे लेकर कहा कि 'हम भी पारदर्शी मतदाता सूची के पक्ष में हैं। पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से होगी, लेकिन अगर वैध मतदाता को परेशान किया गया तो हम इसका विरोध करेंगे। राज्य सरकार, राज्य धर्म निभाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग राजनीतिक दबाव में ऐसा कुछ नहीं करेगा कि हमें उसका विरोध करना पड़े।'

### मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले-

# अब तक हम 40 हजार करोड़ बांट चुके है लाडली बहनों को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर दौरे पर थे। उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। समरसता सम्मेलनों में भी गए। उन्होंने शहर के अलग-अलग इलाकों में 64 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हम अपने संकल्प पत्र के कामों को पूरा कर रहे हैं। हमने जो कहा वो किया। हमने अपनी बहनों को डेढ़ हजार रुपये देना शुरू किए, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि यहां के कांग्रेस के एक नेता कहते हैं कि लाडली बहनों को पैसा मत दो, बहनें दारु पी जाती हैं। पता नहीं उनकी रात को उतरी की नहीं, लोग ऐसा कहते हैं। कांग्रेस के लोगों को



किस बात का नशा चढ़ा है, कोई नहीं जानता। कभी ये आपात काल लगा देते हैं, कभी राम के बारे में प्रमाण मांगते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को पावर मिल जाए तो पागल हो जाते हैं। कांग्रेसी यह क्यों भूल जाते हैं कि लाडली बहना योजना 2023 में चालू हुई, तब से लेकर अब तक बहनों को 40 हजार करोड़ रुपये दे चुके हैं। हमारा इस साल का बजट चार लाख 21 हजार करोड़ का है। यह हमारे काम करने का तरीका है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 1993 से 2003 तक 30 हजार करोड़ का बजट रहता था। 1956 में मध्य प्रदेश बना, तब 100 रुपये क्विंटल गेहूं मिलता था। 2003 तक 500 रुपये क्विंटल गेहूं था। 55 साल में केवल 400 रुपये का भाव कांग्रेस की सरकार ने दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने 2600 रुपये क्विंटल में गेहूं खरीदा है।

### ● हमारा काम करने का तरीका अलग

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का काम करने का तरीका अलग है। हमने इंदौर, महेश्वर में कैबिनेट बैठक की। हम हर समाज को साथ लेकर चलना चाहते हैं। हमारी संस्कृति भी इस बात के लिए जानी जाती है। हमारी विचारधारा के महापुरुष भी इस विचारधारा को लेकर चले हैं। हमारी सरकार गरीब के उपचार के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था कराती है।

# जनता के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध

## इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया फूड एण्ड ड्रग टेस्ट की नई लैब का लोकार्पण

● मिलावटखोरी कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं

● इंदौर स्वच्छता में सिरमौर, अब बन रहा है शुद्धता का भी पर्याय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिये हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर केवल स्वच्छता और स्वाद की धरती नहीं, बल्कि सुशासन और सेवा की धरती भी है। यहां पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने सिखाया कि शासन का सच्चा अर्थ जन-कल्याण, न्याय और संवेदना है।**

आज जब हम इस खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला जैसी माडर्न लैब का लोकार्पण कर रहे हैं तो यह उसी सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास है जिसके मूल में "जनता का स्वाद, जनता का स्वास्थ्य और जनता की सुरक्षा" सम्मिलित है। शुद्धता और स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी कही जाती है। खाना बहुत अच्छा बना हो लेकिन शुद्धता और स्वच्छता की कसौटी पर खरा न हो तो बीमार कर देता है। इंदौर में संभागीय खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति



हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि खाद्य गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की कृपा से यह प्रयोगशाला स्वाद, सुरक्षा और पोषण का केंद्र बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ड्रग रेगुलेटरी सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए हमने इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में नई खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशालाएं बनाने का निर्णय लिया था, आज हम इंदौर में इसका साकार रूप देख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र के लसुड़िया मोरी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां नवनिर्मित खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (फूड एण्ड ड्रग टेस्टिंग लैब) का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह नई लैब एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस लैब से इंदौर संभाग के सभी नागरिकों को फूड एण्ड ड्रग टेस्ट की शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं समय पर और संभागीय स्तर पर ही मिल जायेंगी।

### जांच का दायरा बढ़ाएगी इंदौर लैब- 20 हजार सैम्पल प्रतिवर्ष का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता करने वाली हमारी संवेदनशील सरकार है। खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री तुलसीराम सिलावट के विधानसभा क्षेत्र में इस लैब के शुरू होने से मिलावट पर प्रभावी लगाम लगेगी। उन्होंने मिलावट करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई मिलावट करेगा तो उसे कड़ी सजा मिलेगी। सरकार शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के प्रति पूरी तरह सजग है। भोपाल और इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी ऐसी प्रयोगशालाएं शुरू की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी सिर्फ एक खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला राजधानी भोपाल में स्थित है। यहां जांच की क्षमता सालाना 6000 सैंपल की थी। इंदौर में अत्याधुनिक प्रयोगशाला के लोकार्पण के साथ अब खाद्य सामग्रियों के परीक्षण की क्षमता बढ़कर प्रतिवर्ष 20 हजार सैंपल तक हो जाएगी। इंदौर में लैब खुलने से पूरे मालवांचल को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक श्री मधु वर्मा, महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव, सुमित मिश्रा, चावड़ा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने किया 30 करोड़ रु. की सीवर लाइन परियोजना का भूमिपूजन

# हर समाज को साथ लेकर चलना ही हमारी सरकार का उद्देश्य : डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सोमवार को ब्लू लोटस गार्डन में आयोजित भूमिपूजन समारोह और सामाजिक समरसता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के तहत सुदामा नगर सेक्टर-डी और ई में 30 करोड़ रु. की लागत से 34.235 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने के कार्य का भूमिपूजन किया। इस परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को ड्रेनेज चोकिंग की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और जल-मल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर नगर निगम की यह परियोजना नागरिक सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि दिवाली का यह समय शुभ अवसर है, जब जनकल्याण के कार्यों की शुरुआत करना मंगलकारी माना जाता है। सरकार का संकल्प है कि विकास की हर योजना जनता के द्वार तक पहुंचे। डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार सभी वर्गों और समाजों को साथ लेकर समान अवसर और विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सुख और सुविधा पहुंचाना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' के विचार को मूर्त रूप देने का प्रयास हमारी हर योजना में झलकता है।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासी समाज और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि पहली बार रानी दुर्गावती के नाम पर जबलपुर में कैबिनेट आयोजित की गई और खरगोन में टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम हर समाज के महापुरुषों के योगदान को सम्मान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में राज्य की आर्थिक प्रगति का भी उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहाँ प्रदेश का वार्षिक बजट 20 हजार करोड़ रुपये तक सीमित था, वहीं आज यह 4 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए हमारी सरकार ने 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा, जो हमारे किसान सम्मान के संकल्प का प्रमाण है।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '2047 अमृत काल' के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश में विकास के नए मानक स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल एरिया में एक आधुनिक मेट्रोपॉलिटन सर्किट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे मालवा क्षेत्र देश के प्रमुख विकास केंद्रों में शामिल होगा।

सामाजिक समरसता सम्मेलन में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सुमित मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की जनसेवा भावना और समरसता की नीति ने प्रदेश में एक नई राजनीतिक संस्कृति स्थापित की है।

इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, मनोज पटेल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे, सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, निशांत खरे, सावन सोनकर, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, एकलव्य गौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## सीएम ने इंदौर में सूर्य को दिया अर्घ्य

**बिहार का आदमी दिल का साफ और मुंह पर बेबाक होता है : डॉ. मोहन यादव**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में भी छठ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर में डेढ़ सौ स्थानों पर कुंड में डूबते सूर्य को पूर्वांचल से इंदौर में बसे परिवारों ने अर्घ्य दिया। इंदौर के विजय नगर के छठ महोत्सव में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि हमारी मातृ सत्ता की संस्कृति का आधार ही माताएं बहनें है। वे अपने जीवन के कष्टों को सहन कर अपने पति, संतान की लंबी उम्र की कामना करती है। वे कष्ट भी आनंद के साथ सहन करती है। छठ महोत्सव पर सूर्यदेवता की पूजा होती है। हम सूर्यदेवता से जीवन पाते है। उन्होंने कहा कि बिहार से मालवा का संबंध एक हजार साल पुराना है। यहां आक्रमण हुआ तो राजा भोज पूर्वांचल गए, अपने साथ भाषा भी लेकर गए। इस कारण बिहार से हमारा संबंध और मजबूत हो गया। विक्रमादित्य काल के पहले भी सम्राट अशोक मालवा के गर्वनर के रुप में अपनी सत्ता उज्जैन से चलाते थे। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि बिहार का आदमी दिल का साफ होता है और मुंह पर बेबाक बात करता है। इसका आनंद भी अलग होता है। उसमें मिठास भी होती है और ऊर्जा भी होती है। हर काल में पूर्व की तरफ से आने वाली कठिनाई को झेलकर पूरे देश की समृद्धि की कामना बिहार करता है। अब समय बदला है। हमे अपनी संस्कृति को गर्व करने का मौका मिल रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण संभव हुआ है। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी अपनी बात रखी। पूर्वांचल के परिवारों ने छठ माता का पर्व इंदौर में धूमधाम से बनाया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कुंड तक आई और सूर्य को अर्घ्य देने के साथ अपने परिवार की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। छठ मैय्या के गीत भी माहौल को और भक्तिपूर्ण बना रहे थे। आतिशबाजी कर भी पर्व की खुशियां मनाई गई।

### सीएम बोले गधे गुलाब जामुन खाते हैं...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने तलावली चांदा में लगभग 8.30 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई 'न्यू फूड एंड ड्रग लैबोरेटरी' का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक लैब खाद्य पदार्थों और औषधियों की जांच के लिए स्थापित की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ''गधे गुलाब जामुन खाते हैं'' कहावत के पीछे रोचक किस्सा है। सीएम ने कहा कि फतेहाबाद के गुलाब जामुन की कहानी इसी से जुड़ी हुई है। फतेहाबाद में शाहजहां के बेटों के बीच युद्ध हुआ। शाहजहां अपने बेटे दारा शिकोह को गद्दी सौंपना चाहते थे। इसके विरोध में औरंगजेब ने अन्य भाइयों के साथ मिलकर फतेहाबाद में हमला किया। इस युद्ध में जीतने के बाद औरंगजेब ने सभी भाइयों, बेटों, भानजों, बहनों और रिश्तेदारों को मार दिया। इसके बदले में फतेहाबाद के लोगों ने गुलाब जामुन बनाना शुरू किया और उन्हें दिल्ली भेजा। इसके बाद यह कहावत प्रचलित हुई कि ''देखो, गधे गुलाब जामुन खा रहे हैं।'' सीएम ने कहा, ''हमारी मिठाई भी बदला लेने के काम आती है। ऐसा कोई और नहीं कर सकता। हमारे मध्य प्रदेश और मालवा के लोग ऐसे हिसाब चुकता करते हैं। अब वो गधे जहां जाना थे, चले गए, पर हम आराम से गुलाब जामुन खाते हैं।''

पुलिस ने निकाले सीसीटीवी फुटेज

# आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पब-बार घूम आईं, किसी को खबर नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर आईं ऑस्ट्रेलिया टीम की कई खिलाड़ी सी-21 माल स्थित एक पब गई थीं। यहां इन्होंने पार्टी की और घंटों डांस भी किया था। अफसरों ने इसके फुटेज भी निकाल लिए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी टीम की खिलाड़ी भमौरी स्थित एक पब गई थीं। यह सब पुलिस को बिना पूर्व जानकारी के हुआ।**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की सदस्यों से छेड़छाड़ के मामले में जांच तेज हो गई है। पुलिस ने खिलाड़ियों को लेकर एयरपोर्ट से होटल और ग्राउंड तक की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन




(एमपीसीए) मैनेजमेंट से मांगी है। दूसरी तरफ, पुलिस कमिश्नर लेवल की जांच में यह भी सामने आया है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले 21-22 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका की एक खिलाड़ी कैब से शहर के एक मॉल में शॉपिंग के लिए गई थी, उस समय भी उसके साथ कोई पुलिसकर्मी नहीं था। इसी तरह, न्यूजीलैंड टीम की दो महिला खिलाड़ी कुछ दिन पहले पब और रेस्टॉरेंट में पार्टी करने गई थीं, तब भी पुलिस सुरक्षा मौजूद नहीं थी। जांच में यह बात भी सामने आई है कि पर्याप्त महिला सुरक्षा बल होने के बावजूद विदेशी खिलाड़ियों की सिक्योरिटी में उन्हें नहीं लगाया गया था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मामले की जांच डीसीपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ के आरोपी अकील पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) की कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को 'हाय' कहा। फिर सेल्फी लेने को कहा। उसे लगा कि कोई नहीं देख रहा, इसलिए उसने महिला खिलाड़ी को छूने की कोशिश की और मौके से भाग गया। विश्व कप आयोजन से पहले भी मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के पदाधिकारियों के साथ पुलिस और प्रशासन की बैठक हुई थी। तय हुआ था टीम जोखिम भरे स्थानों पर जाने से बचे। सभी चाहते हैं कि आप इंदौर यात्रा का आनंद लें, लेकिन सुरक्षा उपायों को भी ध्यान में रखें। अंतरराष्ट्रीय टीमों की बस के साथ दो पायलटवाहन होते हैं। होटल के बाहर, फ्लोर पर और स्टेडियम में पुलिस तैनात होती है।

# रणजीत हनुमान मंदिर में 30 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव

## 50 क्विंटल आटे, 60 क्विंटल सब्जी से तैयार होगी प्रसादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के पश्चिम क्षेत्र में स्थिति प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में 30 अक्टूबर को चलित अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें 50 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए भोजन प्रसादी बनेगी। 60 क्विंटल सब्जी से तैयार होगी प्रसादी, 101 मंदिरों में जाएगा भोग।**

29 अक्टूबर को भट्टी पूजन के साथ प्रसादी बनाने की शुरुआत की जाएगी। अन्नकूट के लिए पूड़ी, सब्जी, नुक्ती और भजिए बनाए जाएंगे। पैकेट से लोग प्रसादी ले सकेंगे। मंदिर में ही




भक्त मिलकर सब्जी काटने का काम सहित अन्य काम करेंगे। रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि 29 अक्टूबर को सुबह भट्टी पूजन किया जाएगा। जिसके बाद भक्तों के लिए भोजन प्रसादी बनाने की शुरुआत होगी। पं.व्यास ने बताया कि 30 अक्टूबर को बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। छप्पन भोग बाबा को अर्पित किए जाएंगे। 6.30 बजे बाबा की आरती के साथ चलित अन्नकूट महोत्सव की शुरुआत होगी। रणजीत हनुमान मंदिर से परंपरागत रूप से शहर के 101 मंदिरों में भोग भेजा जाएगा। वहीं, शाम से चलित अन्नकूट महोत्सव की शुरुआत होगी जो देर रात तक जारी रहेगा। हालांकि, चलित भंडारा होने से यहां आने वाले भक्तों को भी परेशानी नहीं होगी। पंडित दीपेश ने बताया कि मंदिर के ग्राउंड में पहले बैठाकर प्रसादी खिलाई जाती थी, जिसके कारण मंदिर के बाहर लोगों की काफी भीड़ जमा हो जाती थी। धक्का-मुक्की, भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती थी। हालांकि पिछले समय हुई कुछ अप्रिय घटनाओं के बाद से यहां की व्यवस्थाओं में बदलाव किया है। चलित व्यवस्था होने से लोगों को 4-4 घंटे लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। 10 से 15 मिनट में भक्तों का नंबर आ जाएगा और वे आसानी से भोजन प्रसादी ले सकेंगे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने जांच के आदेश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से झांसी जा रहे एक यात्री ने रेलवे पर अपनी नाबालिग बेटी का टिकट न जोड़ पाने पर अधिक जुर्माना वसूलने की शिकायत की है। यह शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजी गई है। शिकायत के बाद रतलाम मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।**

पूरा मामला मालवा एक्सप्रेस (12919) का है। यात्री जितेन्द्र गुप्ता ने इंदौर से झांसी तक का टिकट तत्काल कोटे में बुक कराया था। यात्रा के दौरान टीटीई ने उनकी बेटी का टिकट न होने पर टिकट राशि के साथ 700 रु. का जुर्माना लगाकर रसीद काट दी। जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि समय की कमी के कारण वे अपनी नाबालिग बेटी का टिकट तत्काल में जोड़ नहीं सके, जबकि सामान्य बुकिंग में अलग टिकट बनवाना संभव नहीं था। उनका कहना है कि उन्होंने टिकट जोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से नहीं हो सका। उन्होंने रेल मंत्री, रेलवे मंत्रालय, पीएमओ और आईआरसीटीसी को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- टिकट का चार्ज देना ठीक है, पर पेनल्टी क्यों? मेरी बेटी नाबालिग है और मैंने टिकट बनवाने की पूरी कोशिश की थी। अगर मैं टीटीई को 100–200 रुपए नकद दे देता, तो शायद बिना जुर्माने के यात्रा कर लेता। क्या ईमानदार यात्रियों को दंड मिलना चाहिए?"

# थाने में खींची फोटो से बनाई धमकी भरी रील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारी सुनील उर्फ बाबा बंजारा ने थाने में खींची गई अपनी फोटो से एक धमकी भरी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। रील में उसने अश्लील शब्दों और धमकी भरे गीत का उपयोग किया है।**

मामला डीसीपी जोन-4 आनंद कल्याणी और क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया



तक पहुंचा, उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि थाने से फोटो आरोपी तक कैसे पहुंची। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अहिरखेड़ी इलाके का रहने वाला सुनील उर्फ बाबा बंजारा अवैध शराब का कारोबारी है। कुछ दिन पहले पुलिस ने उसे अवैध शराब के साथ पकड़ा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने रिकॉर्ड के लिए उसकी तस्वीर ली थी। जमानत पर छूटने के बाद सुनील ने वही फोटो लेकर इंस्टाग्राम पर धमकी भरी रील अपलोड कर दी, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू की है। सुनील के खिलाफ चार से अधिक केस दर्ज हैं। वह इलाके में अवैध शराब का बड़ा सप्लायर माना जाता है। कुछ समय पहले जहरीली शराब बेचने के आरोप में भी उस पर एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन वह अब फिर से सक्रिय हो गया है।

## इंदौर-पुणे फ्लाइट साढ़े 3 घंटे लेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश का असर हवाई यात्राओं पर भी दिखने लगा है। गोवा में तेज बारिश के कारण सोमवार रात से उड़ानों का शेड्यूल प्रभावित हुआ। इसका असर इंदौर आने वाली फ्लाइट पर भी पड़ा। गोवा से पुणे होते हुए इंदौर आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई 284/701) सोमवार सुबह करीब 3 घंटे 30 मिनट की देरी से पहुंची। जानकारी के अनुसार, यह विमान सामान्यतः सुबह 6:40 बजे पुणे से उड़ान भरकर 7:10 बजे इंदौर पहुंचता है और फिर 7:40 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना होता है, लेकिन आज यह उड़ान सुबह 10:10 बजे इंदौर पहुंची और 10:40 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। फ्लाइट में देरी के कारण इंदौर एयरपोर्ट पर सुबह 5 बजे से ही बेंगलुरु जाने वाले यात्री इंतजार में परेशान होते रहे।

## लापरवाही बरतने पर सहायक यंत्री मनोज चौधरी निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। जिले की सभी मंडियों में किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसी के तहत सांवेर कृषि उपज मंडी में किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही मिलने पर सहायक यंत्री मनोज चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि गत दिनों कलेक्टर शिवम वर्मा और अनुविभागीय अधिकारी सांवेर में मंडी का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में मण्डी में कृषकों के लिये मूलभूत सुविधाये पानी, कृषक विश्राम गृह, शौचालय एवं भोजन इत्यादि की उचित व्यवस्थायें नहीं पाई गईं। निरीक्षण के समय श्री मनोज चौधरी उपयंत्री (प्रभारी सहायक यंत्री) अनुपस्थित पाये गये। इस संबंध में कलेक्टर इन्दौर द्वारा प्रबंध संचालक सह आयुक्त मंडी बोर्ड को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। इस प्रतिवेदन के आधार पर प्रबंध संचालक सह आयुक्त मंडी बोर्ड द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई।

# किन्नर कांड का मुख्य आरोपी राजा हाशमी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पंढरीनाथ इलाके में 24 किन्नरों द्वारा सामूहिक आत्महत्या का प्रयास करने के मामले में आरोपी राजा हाशमी को पुलिस ने रविवार रात हिरासत में लिया है। वह अपने बहनोई के घर नरसिंहपुर में भेष बदलकर छिपा हुआ था। पुलिस ने राजा पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। उसे किन्नरों के डर से भंवरकुआ थाने में रखा है। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। यहां से पुलिस पूछताछ को लेकर रिमांड ले सकती है।**



एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक किन्नरों ने सपना गुरू, राजा हाशमी, पंकज जैन, अक्षय कुमायूं पर आरोप लगाए थे कि वह उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और अवैध वसूली कर रहे हैं। इस मामले में सभी पर एफआईआर दर्ज की गई है। सपना को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं राजा, अक्षय और पंकज पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपियों की तलाश को लेकर टीमें अलग-अलग बनाई गईं। राजा हाशमी की लोकेशन नरसिंहपुर में मिली। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक राजा भेष बदलकर रह रहा था। वह अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा था। हालांकि राजा हाशमी के इंदौर में हुई सामूहिक घटना के समय जबलपुर में रहने की बात सामने आई थी। पुलिस अब उससे पूरे मामले को लेकर पूछताछ करेगी। नंदलालपुरा के किन्नरों को लेकर भी राजा के पास अहम सबूत हैं। उसके वकीलों ने आरोप लगाया है कि किन्नरों के कहने पर राजा से वह सबूत पुलिस लेकर नष्ट कर सकती है।

# 125 केंद्रों पर 500 से कम मतदाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में 40 वोटर का एक मतदान केंद्र सामने आया है। 125 बूथ ऐसे हैं जहां 500 वोटर भी नहीं। करीब 2 हजार मतदाताओं को एक ही क्षेत्र का रहवासी बताया है। उनके घर के क्रमांक में शून्य दर्ज किया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य को लेकर इंदौर निर्वाचन विभाग की बड़ी खामी सामने आई है। राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने जब मतदाता सूची देखी तो यह बात पता चली। इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग ने गंभीरता से लेते हुए। शिकायत को मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग को भेजकर जांच और कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। आगामी नगर निगम चुनाव के लिए 8 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन किया गया था। 24 अक्टूबर तक दावे-आपत्तियां बुलाई गई थी। मतदाता सूची का पुनरीक्षण पुरानी विधानसभा निर्वाचन की सूची से किया जा रहा है। कर्नाटक स्कूल कनाड़िया मतदान केंद्र 1315 में वैभव नगर, संचार नगर, बैकुंठ विहार, आलोक नगर के मतदाताओं के पुनरीक्षण में गफलत पाई गई है।

## 'अनुगूंज 2025' का रंगारंग आयोजन 29 अक्टूबर को

**इंदौर।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और स्टीम शिक्षा पद्धति की अवधारणा के अनुसार कलाओं से शिक्षा को समृद्ध करने और कल्चर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अनुगूंज 2025 'का रंगारंग आयोजन 29 अक्टूबर को इंदौर में किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम बुधवार को शाम 5 बजे से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम खंडवा रोड परिसर इन्दौर में आयोजित होगा।

# सोने के जेवर और नकदी लेकर फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा में बदमाशों ने एक घर में चोरी की वारदात को अजांम दिया। बदमाश यहां से सोने के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है।**

पुलिस ने बताया कि जयश्री खोपडे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी के मामले में कार्रवाई की है। जयश्री ने बताया कि बदमाश मकान के पीछे बनी किचन की खिड़की से उनके यहां पर घुसा था। इसके बाद बदमाश घर से नकदी 47 हजार रुपए, सोने का मंगलसूत्र, कान की बाली, सोने के झुमकी, सोने की चैन, कान के चार टॉप्स, सोने की 2 अंगूठी, सोने की दो चूड़िया, सोने के लॉकेट सहित अन्य सामान चुराकर ले गया। महिला ने बताया कि वह काम से बाहर गइ हुई थी।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता से मनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## एक से 15 नवम्बर तक हो विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो।

स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के



विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया जाए। जनजाति बहुल क्षेत्रों में इस अवधि में लगने वाले मेलों में स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय-वस्तु का प्रदर्शन किया जाए। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के समापन अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी गतिविधियां हों। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ● गुना की घटना पर सीएम डॉ. यादव बोले-

## कानून तोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आपराधिक कृत्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुना में 26 अक्टूबर की दोपहर हुई घटना के आरोपी महेंद्र सिंह सहित 14 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना फतेहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण के नामजद आरोपी हुकुम सिंह नागर को राउंडअप कर लिया गया है। घटना में उपयोग में लाए गए ट्रेक्टर को भी बरामद कर लिया गया है। बता दें गुना जिले के गणेशपुरा गांव में रविवार दोपहर एक पुराने जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। 40 वर्षीय किसान रामस्वरूप धाकड़ को कथित तौर पर स्थानीय भाजपा नेता महेंद्र नागर और उनके साथियों ने लाठियों-रोडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया, फिर थार जीप से कुचल दिया। हमले के दौरान रामस्वरूप की 17 वर्षीय दो बेटियों तनीषा और कृष्णा ने पिता को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन पर भी थप्पड़ बरसाए और कथित रूप से उनके कपड़े फाड़ दिए। इस क्रूर घटना में रामस्वरूप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी विंदो बाई, मामा राजेंद्र नागर और बेटियां घायल हो गईं।

महिला और बाल विकास विभाग की दो साल तक के बच्चों के आहार को लेकर नई सलाह

## परिवार मांसाहारी है, तो बच्चों को अंडा, मांस और मछली खिलाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में महिला और बाल विकास विभाग ने दो साल तक के बच्चों के आहार को लेकर नई सलाह जारी की है। विभाग का कहना है कि छह माह की उम्र पूरी होने के बाद यदि परिवार मांसाहारी है, तो बच्चों को अंडा, मांस और मछली खिलाना चाहिए। यह सलाह कुपोषण और अनीमिया से बचाव के उद्देश्य से दी गई है।**



विभाग ने बच्चों के पोषण के पांच सूत्र जारी किए हैं और इनका प्रचार-प्रसार आंगनवाड़ी केंद्रों और जनजागरूकता अभियानों के जरिए करने को कहा है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि बाजार की चीजें जैसे बिस्किट, चिप्स, मिठाई, नमकीन और जूस बच्चों के लिए नुकसानदायक हैं, क्योंकि इनमें आवश्यक पोषक तत्व नहीं होते। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण अभियान के तहत यह दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने सभी राज्यों को इन सूत्रों को अपनाने को कहा है। मध्य प्रदेश में इन्हें राज्य की महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। पोषण के पांच सूत्र बताते हुए कहा गया है कि पहले सौ दिनों में बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। इसमें गर्भावस्था की अवधि से लेकर बच्चे के जन्म के दो साल तक की उम्र की अवधि शामिल है। इस दौरान उचित स्वास्थ्य, पर्याप्त पोषण, प्यार भरा व तनाव मुक्त माहौल और सही देखभाल होना चाहिए, ताकि बच्चे का पूरा विकास हो। इस दौरान मां और बच्चे को सही पोषण की सर्वाधिक जरूरत होती है। इन 1000 सुनहरे दिनों में 270 दिन गर्भावस्था, 365 दिन बच्चे के जन्म के पहले साल के और 365 दिन बच्चे के जन्म के दूसरे साल के शामिल होते हैं। सभी उम्र के लोगों के साथ बच्चे को छह माह का होने पर पर्याप्त मात्रा में अलग-अलग आहार खिलाने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि विभिन्न खाद्य पदार्थ जैसे रोटी, चावल और पीले व काले रंग की दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां मसलन पालक, मैथी, चौलाई, सरसों, पीले फल आम, पका पपीता आदि खाना चाहिए। विभाग ने इसमें यह भी कहा है कि यदि मांसाहारी हैं तो अंडा, मांस और मछली खाना चाहिए।

### ● किसानों को 0% ब्याज पर लोन के आदेश जारी

**भोपाल, एजेंसी।** सहकारिता विभाग ने जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण देने की योजना जारी रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। मोहन कैबिनेट ने तीन दिन पहले इस फैसले को मंजूरी दी है और जून 2026 तक किसान योजना का लाभ ले सकेंगे। राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी किया है। मोहन यादव कैबिनेट ने तीन दिन पहले इसे जारी रखने का निर्णय लिया है। उधर जनजातीय कार्य विभाग ने तय किया है कि प्रदेश के चार संभागों के 16 जिलों में जनजाति वर्ग के लोगों को वन भूमि पर पैदावार बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सब्जियों के उत्पादन के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा।

### ● 227 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के नगरीय विकास और आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल के विभागों पर प्रदेश के 16 जिलों में 227 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इस बिल की वसूली के लिए अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सभी संबंधित विभागों को पत्र लिखकर बिल भुगतान के लिए आग्रह कर रहा है। अगस्त 2025 के बकाया बिल की यह राशि 406 करोड़ रुपए है, जो 73 हजार बिजली कनेक्शनों में उपयोग की गई बिजली खपत से जुड़ी है।

### ● कहीं और शादी नहीं होने दूंगा...

**ग्वालियर, एजेंसी।** सिरफिरे आशिक की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसने सरेराह हिंदू छात्रा का हाथ पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि वह कट्टर मुस्लिम है। अगर उससे शादी नहीं की, तो वह किसी और से शादी नहीं होने देगा। मामला ग्वालियर के माधोगंज क्षेत्र का है। 20 वर्षीय छात्रा इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने माधोगंज इलाके में मदीना मस्जिद के पास रहने वाले हारून खान को गिरफ्तार कर लिया है। प्रीतमपुर कालोनी निवासी 20 वर्षीय छात्रा कुछ समय पहले तक ग्वालियर में ही पढ़ रही थी। छात्रा इंदौर गई, तो करीब एक महीने पहले आरोपित ने किसी तरह उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और दोस्ती के लिए मैसेज करने लगा। परेशान होकर छात्रा ने नंबर ब्लॉक कर दिया।

## भगवान महाकाल की कार्तिक माह की पहली सवारी

### राजसी ठाट-बाट के साथ निकली, मंदिर का बैंड पहली बार शामिल किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** भगवान महाकाल की कार्तिक माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में पहली सवारी सोमवार को सभामंडप में शाम 4 बजे विधिवत पूजन-अर्चन कर राजसी ठाट-बाट के साथ निकली। सवारी निकलने से पहले उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह और एएसपी प्रदीप शर्मा ने सभा मंडप में भगवान मन महेश का पूजन अर्चन किया। इस दौरान पालकी का भी पूजन किया गया। पहली सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर पालकी में





श्री मनमहेश के रूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले।

इस बार सवारी में पहली बार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित श्री महाकालेश्वर बैंड भी शामिल किया गया। जो की कदमताल मिलाता हुआ बैंड पर भजन की धून बजाता हुआ निकला। सवारी में पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान आदि के साथ निकली। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि, भगवान श्री महाकालेश्वर श्री मनमहेश के रूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले।





## संपादकीय

# भारत के 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास से पाक सेना में हड़कंप

भारत की तीनों सेनाओं की ओर से 30 अक्टूबर से पश्चिमी सीमा पर शुरू हो रहे 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास से पहले पाकिस्तानी सेना में हड़कंप मच गई है। भारत की ओर से पहले ही 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास के लिए 'नोटम'(notice to air missions-NOTAM) जारी किया गया है। लेकिन, पाकिस्तान इस युद्धाभ्यास को लेकर इतनी दहशत में कि उसने 'नोटम' का दायरा लगभग पूरे मुल्क के हवाई क्षेत्र में बढ़ा दिया है। इसकी वजह से करीब-करीब पूरे पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद हो चुका है। पाकिस्तान की ओर से यह कदम उसकी नौ सेना के प्रमुख के सर क्रीक क्षेत्र के दौरे के बाद उठाया गया है। भारतीय सेना, नौ सेना, वायु सेना 30 अक्टूबर से लेकर 11 अक्तूबर तक राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त युद्धाभ्यास करने जा रही है। यह युद्धाभ्यास समुद्र में भी होगा और रेगिस्तानी इलाकों में भी। भारत की ओर से इस युद्धाभ्यास को देखते हुए एहतियात के तौर पर पहले ही 'नोटम' जारी किया गया था, ताकि कोई भी विमान इसकी चपेट में न आ जाए। लेकिन, अब पाकिस्तान ने खुद ही इसका दायरा लगभग पूरे देश तक बढ़ा दिया है। दरअसल, पाकिस्तानी नेवी चीफ ने पिछले सप्ताहांत में सर क्रीक का दौरा किया; और अपनी सेना की तैयारियों का जायजा लिया था। उससे पहले इस महीने की शुरुआत में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सर क्रीक इलाके में पहुंचे थे और वहां पर जवानों से मिले थे। तभी रक्षा मंत्री ने सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए जाने को लेकर सख्त चेतावनी दी थी। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को आगाह किया था कि यह नहीं भूलना चाहिए कि सर क्रीक का एक रास्ता कराची तक भी जाता है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा था कि इस क्षेत्र में दुश्मन की ओर से किसी भी तरह की जुर्रत उसका इतिहास और भूगोल दोनों ही बदल सकता है। भारत की ओर से वह चेतावनी और पाकिस्तान की ओर से अपने एयरस्पेस बंद करने का फैसला ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्षेत्र में भारत की बदली रणनीति का बहुत बड़ा संकेत है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर बाद हिंद महासागर से लेकर अरब सागर तक भारतीय सशस्त्र सेना लगातार सक्रिय है। पहले ब्रिटिश रॉयल नेवी के साथ भारतीय नौ सेना ने संयुक्त युद्धाभ्यास किया। फिर हाल ही में भारतीय वायु सेना ने कोंकण तट पर एडवांस मैन्ड-अनमैन्ड टीमिंग (MUM-T) वाला सफल परीक्षण किया है। अब तीनों ही सेनाएं संयुक्त 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास को अंजाम देने जा रही हैं।

isha



**दुनिया में अधिकतर लोग व्यस्त नहीं हैं – वे बस उलझे हुए हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## Health is Wealth

# सही खान-पान और व्यायाम से टाइप-2 डायबिटीज में एक तिहाई सुधार

### नई स्टडी ने दी राहत की उम्मीद



भारत में टाइप-2 डायबिटीज से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण सामने आई है। हालिया भारतीय अध्ययन ने यह प्रमाणित किया है कि यदि मरीज पौधे आधारित भोजन, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श जैसी गहन जीवनशैली में बदलाव अपनाते हैं तो बीमारी में एक तिहाई सुधार ला सकते हैं और दवा पर निर्भरता समाप्त कर सकते हैं। फ्रीडम फ्रॉम डायबिटीज क्लिनिक एंड डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन  शोध में खुलासा किया गया है कि गहन जीवनशैली कार्यक्रम टाइप-2 डायबिटीज में रीमिशन यानी रोग-सुधार ला सकता है। देश में फिलहाल लगभग 7.2 करोड़ लोग टाइप-2 डायबिटीज से प्रभावित हैं। यह सिर्फ दवा-आधारित बीमारी नहीं, बल्कि जीवनशैली से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है, अगर सही खान-पान, नियमित व्यायाम और मानसिक अनुशासन अपनाया जाए, तो टाइप-2 डायबिटीज को नियंत्रित करने के साथ कई मामलों में पूरी तरह सुधारा भी जा सकता है। इस अध्ययन में 2,384 वयस्क टाइप-2 डायबिटीज मरीजों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को भारतीय भोजन-संस्कृति और दैनिक आदतों के अनुरूप तैयार किया। अध्ययन का एक बड़ा निष्कर्ष यह भी रहा कि ऑनलाइन मॉडल न सिर्फ शहरी बल्कि दूरदराज के ग्रामीण मरीजों के लिए भी समान रूप से प्रभावी साबित हुआ। इससे यह संकेत मिलता है कि डिजिटल स्वास्थ्य-प्लेटफार्म भारत में डायबिटीज-प्रबंधन की नई दिशा बन सकते हैं। यह अध्ययन भारत में पहला ऐसा व्यवस्थित और बड़े पैमाने का प्रमाण है जिसने यह दिखाया कि संरचित जीवनशैली बदलाव, वैज्ञानिक निगरानी और मानसिक स्वास्थ्य सहयोग, इन तीनों के संयोजन से टाइप-2 डायबिटीज में उल्लेखनीय सुधार संभव है। यह पारंपरिक सिर्फ दवा-केंद्रित दृष्टिकोण को चुनौती देता है और नीति-निर्माताओं को संकेत देता है कि भारत जैसे देश में कम लागत, उच्च प्रभाव वाले जीवनशैली कार्यक्रमों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा सकता है।

### मांसाहारियों में भी सुधार की गुंजाइश

जो लोग नॉनवेज भोजन करते हैं, वे भी टाइप-2 डायबिटीज नियंत्रण के लिए अपनी डाइट को संतुलित बना सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लो-फैट और हाई-फाइबर नॉनवेज विकल्प चुनना अधिक व्यावहारिक है। उदाहरण के लिए मछली, अंडे का सफेद भाग, बिना त्वचा वाला चिकन और उबला या ग्रिल्ड मीट बेहतर विकल्प हैं। लाल मांस (रेड मीट), प्रोसेस्ड मीट और तले हुए नॉनवेज व्यंजनों से बचना चाहिए।




### सीमाएं और सावधानियां...

हालांकि परिणाम उत्साहजनक हैं, लेकिन शोधकर्ताओं ने यह भी स्वीकार किया कि अध्ययन पिछले आंकड़ों पर आधारित था और इसमें कंट्रोल ग्रुप नहीं था। इसके अतिरिक्त केवल उन्हीं प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जिनका फॉलो-अप डेटा उपलब्ध था, जिससे चयन-पूर्वाग्रह की संभावना बनी रहती है। नतीजों को सभी टाइप-2 डायबिटीज मरीजों पर सीधे लागू करना फिलहाल संभव नहीं है। इसके बावजूद अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि यदि सही तरीके से जीवनशैली में बदलाव किया जाए तो लगभग हर तीन में से एक भारतीय मरीज में टाइप-2 डायबिटीज की स्थिति पूरी तरह सुधर सकती है।

New Delhi

# राजस्थान, मप्र, उप्र समेत 12 राज्यों में आज से एसआईआर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव आयोग ने सोमवार को देशभर में एसआईआर को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि 12 राज्यों में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर पूरी तरह से सफल रहा है। अब इसी तरह दूसरे चरण में जिन राज्यों में यह प्रक्रिया चलाई जाएगी, वहां भी सफल रहेगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछली SIR दो दशक से भी ज्यादा समय पहले आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि 1951 से 2004 के बीच एसआईआर आठ बार आयोजित की जा चुकी है। बता दें कि दूसरे चरण में जिन 12 राज्यों में एसआईआर होगा, उनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, लक्षद्वीप, केरल, गुजरात, गोवा,




छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार शामिल हैं।

**मध्यप्रदेश में हर वोटर का वेरिफिकेशन होगा-** मध्यप्रदेश में बिहार की तरह वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) किया जाएगा। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों के हर बूथ की वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाएगी। हर वोटर को फिर से वेरिफाई किया जाएगा। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद एमपी में ट्रेनिंग हो चुकी है। आज रात 12 बजे से मतदाता सूची फ्रीज होगी। इसके बाद अब बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर फॉर्म बांटेंगे। बीएलओ एक घर तीन बार जाएंगे। कलेक्टर, एसडीएम, एडीएम, तहसीलदार, बीएलओ सहित वोटर लिस्ट के अपडेशन से जुड़े अफसर कर्मचारियों की ट्रेनिंग कराई जा चुकी है। अब हर बूथ की वोटर लिस्ट की जांच होगी। संदिग्ध लोगों से दस्तावेज मांगे जाएंगे। एसआईआर में कई जगह बड़ी संख्या में लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटेंगे। बता दें कि मध्यप्रदेश में साल 2028 में अक्टूबर या नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव होंगे।

Rajasthan

## दहेज के लिए ससुरालवालों ने गर्भवती महिला को पीटा, गर्भ में पल रहे नवजात की मौत...

### महिला की हालत गंभीर



**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर में इंसानियत को शर्मसार करने का मामला सामने आया है. जिले के टहला क्षेत्र में घरेलू विवाद और दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने एक विवाहिता से जमकर लाठी-डंडों से मारपीट की. जिससे गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई. गंभीर हालत में महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है. महिला के मायके के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है. वहीं मारपीट का वीडियो भी सोशल मिडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. फिलहाल हॉस्पिटल में महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है.

मामले में पीड़िता के पिता हरसहाय मीना निवासी बडला, तहसील राजगढ़ ने अपने दामाद सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न व गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने बताया कि हरसहाय मीना ने अपनी पुत्री प्रियंका मीना का विवाह वर्ष 2023 में सर्वेश मीना पुत्र लहरीप्रसाद मीना निवासी बिगोता से किया था. विवाह में एक मोटरसाइकिल, एक लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात सहित घरेलू सामान दिया गया था. बावजूद इसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर प्रियंका को लगातार प्रताड़ित करने लगे. पीड़ित पिता ने बताया कि कुछ महीने पहले ससुराल वालों ने उनकी पुत्री को दहेज कम

Uttarpradesh

## सेल्फी लेते समय नाव पलटी, कई डूबे

**चंदौली, (एजेंसी)** छठ पूजा के दौरान यूपी में बड़ा हादसा हो गया। चंदौली में सेल्फी लेते समय नाव पलट गई। नाव पर सवार कई लोग नदी के पानी में डूब गए। घाट पर हुए हादसे से अफरा-तफरी मच गई। घाट पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगा दी। चार लोगों को ग्रामीणों ने बचा लिया।



बाकी की तलाश जारी है। पुलिस भी गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंच गई है। घटना बबुरी थाना क्षेत्र के कोदोचक गांव की है। जानकारी के अनुसार यहां मौजूद चंद्रप्रभा नदी पर छठ पूजा के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। नदी में जुगाड़ नाव चल रही थी। कुछ लोग नाव पर चढ़ गए और पूजा के दौरान सेल्फी लेने लगे। इस बीच नाव का संतुलन बिगड़ गया, जिससे सभी नाव सवार लोग पानी में डूब गए। नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। घाट पर मौजूद ग्रामीणों ने पानी में छलांग लगा दी। किसी तरह से ग्रामीणों ने चार लोगों को सही सलामत बाहर निकाल लिया। जबकि कई और लोगों के पानी में गिरे होने की संभावना जताई जा रही है।

Uttarpradesh

## जटायू और गिलहरी की मूर्ति लगी

**अयोध्या, (एजेंसी) राम मंदिर के कंस्ट्रक्शन का काम पूरा हो गया है। मुख्य मंदिर के साथ ही परकोटा के 6 मंदिर भगवान शिव, गणेश, हनुमान, सूर्यदेव, देवी भगवती, देवी अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर भी पूरे हो चुके हैं। इन पर ध्वजदंड और कलश स्थापित हो चुके हैं। सप्त ऋषियों के मंदिरों का भी निर्माण पूरा कर लिया गया है।**

रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया-सप्त मण्डप अर्थात् महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, शबरी एवं ऋषि पत्नी अहल्या मंदिरों का भी निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसमें कहा गया है कि सन्त तुलसीदास मंदिर भी पूर्ण हो चुका है तथा जटायु और गिलहरी की प्रतिमाएं स्थापित की जा चुकी हैं।वहीं, राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई



हैं। 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर 22 फीट लंबा और 11 फीट चौड़ा ध्वज फहराया जाएगा। यह समारोह प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह ही भव्य होगा। यह राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने का प्रतीक भी होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत होंगे।

खेल

# भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड युवा एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण पदक

**मनामा, (एजेंसी)** भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई यूथ खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इन खेलों में देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क और कुल वजन में यूथ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 44 किलो भार वर्ग में 158 किलो वजन उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 66 और और क्लीन एंड जर्क में 92 किलो वजन उठाया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली प्रीतिस्मिता ने 150 किलो वजन उठाया।

प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं।



### दो वर्ष की आयु में पिता को खोया, मां ने दिया साथ

मोदीनगर में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा के संरक्षण में तैयारियां कर रहीं प्रीतिस्मिता जब दो वर्ष की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। उनका और उनकी बड़ी बहन का लालन-पालन उनकी मां ने किया। दोनों एथलेटिक्स करती थीं। वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल दास ने दोनों को मां से वेटलिफ्टिंग में उतारने का अनुरोध किया। मां तैयार नहीं थीं, लेकिन कोच के समझाने पर वह राजी हुईं। प्रीतिस्मिता बीते वर्ष 40 भार वर्ग में विश्व यूथ चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं।

सिनेमा

# जामताड़ा 2 एक्टर ने 25 साल की उम्र में किया सुसाइड, फ्लैट में फंदे पर लटका मिला शव



सिनेमा जगत से एक और अभिनेता के निधन की खबर सामने आ रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज जामताड़ा 2 से फैंस के दिलों को जीतने वाले कलाकार सचिन चांदवाड़े ने 25 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। बताया जा रहा है कि सचिन ने सुसाइड की है, जिसके चलते फंदे पर लटका हुआ एक्टर का शव मिला है। इस खबर के सामने आने के बाद मनोरंजन जगत में मातम पसर गया है और हर कोई ये जानने में जुट गया है कि आखिर ऐसी क्या वजह थी, जो मराठी कलाकार को इस तरह से अपनी जान देनी पड़ी।

लंबे समय से फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर रहे सचिन चांदवाड़े ने बीते 23 अक्टूबर को फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सचिन का घर महाराष्ट्र के जलगांव पारोला में था और वहीं अभिनेता ने अपने फ्लैट में पंखे में फांसी का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। सचिन को उनके घरवाले तुरंत पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




1. **Rabindranath Tagore's bust unveiled at Indian Embassy in Beijing**
2. **Ram Mandir's construction completed**
3. **How was Cyclone Montha, expected to hit Andhra Pradesh, named?**
4. **No further GST to be levied on tobacco, total tax to be same with extra central tax: Report**
5. **Canadian man shouts 'Go back to your f****ing country' to Indian woman on camera**
6. **Rabindranath Tagore's bust unveiled at Indian Embassy in Beijing**

# Gold prices plunge below $4,000/ ounce as US-China truce erodes saven-haven demand

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices slid below $4,000 an ounce, extending losses from the worst rout in over a decade as progress on a US-China trade deal sapped haven demand.

The spot gold prices fell as much as 3.1% below $3,990 an ounce, following last week's abrupt halt to rapid advances on concerns the record-breaking rally had run too far.

The United States and China signaled that they were nearing completion of a sweeping trade deal as US President Donald Trump visits Asia for a series of diplomatic engagements. An agreement may ease some of the economic risks and geopolitical tensions that have bolstered the precious metal.

A blistering rally that propelled gold to a record high just above $4,380 an ounce last Monday has since gone into reverse on signs the metal had become overbought. The so-called debasement trade and bets on US Federal Reserve rate




cuts had been the recent drivers of gains, bringing in retail speculators that helped send prices to overbought territory. Gold is still up by more than 50% this year, underpinned by strong buying from global central banks.

The spot gold prices fell as much as 3.1% below $3,990 an ounce, following last week's abrupt halt to rapid advances on concerns the record-breaking rally had run too far. The United States and China signaled that they were nearing completion of a sweeping trade deal as US President Donald Trump visits Asia for a series of diplomatic engagements. An agreement may ease some of the economic risks and geopolitical tensions that have bolstered the precious metal. A blistering rally that propelled gold to a record high just above $4,380 an ounce last Monday has since gone into reverse on signs the metal had become overbought. The so-called debasement trade and bets on US Federal Reserve rate cuts had been the recent drivers of gains, bringing in retail speculators that helped send prices to overbought territory. Gold is still up by more than 50% this year, underpinned by strong buying from global central banks.

# Amazon embarks on biggest layoffs since 2022 affecting 30,000 corporate jobs

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon is planning to cut as many as 30,000 corporate jobs beginning on Tuesday, as the company pares expenses and compensates for overhiring during the peak demand of the pandemic, according to three people familiar with the matter.

The figure represents a small percentage of Amazon's 1.55 million total employees, but nearly 10% of its roughly 350,000 corporate employees. This would mark Amazon's largest job cut since late 2022, when it started to eliminate around 27,000 positions.




An Amazon spokesperson declined to comment.

Amazon has been trimming smaller numbers of jobs over the past two years across multiple divisions, including devices, communications and podcasting. The cuts beginning this week may affect a variety of divisions, including human resources, known as People Experience and Technology or PXT; operations, devices and services; and Amazon Web Services, the people said.

Managers of impacted teams were asked to undergo training on Monday for how to communicate with staff following email notifications that will start going out on Tuesday morning, the people said.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक